an>

Title: Need to declare Ram Janaki Marg from Ayodhya to Bansgaon in Uttar Pradesh as National Heritage.

श्री कमलेश पासवान (बासगाँव) : अध्यक्ष महोदया, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में राम जानकी मार्ग अयोध्या से होकर हमारे संसदीय क्षेत्र बांसगांव के बड़हलगंज, बरहछ, मैरोना होते हुए बिहार के जनकपुर तक जाता है। इस मार्ग का अपना पौराणिक महत्व है। ग्रन्थों के अनुसार भगवान राम व माता जानकी ने इसी मार्ग से जनकपुर से अयोध्या तक की यात्रा की थी। इस विषय को मैं पिछले 6 सालों में करीब पांच बार उठा चुका हूं। इससे पहले भी जब उत्तर प्रदेश में सरकार थी, मैंने उससे भी आग्रह किया था। यह सड़क पूर्ण रूप से एकदम बदहाली की स्थिति में है। उसका टेंडर भी हो चुका है, लेकिन काम नहीं हो पा रहा है, इसलिए मैं सरकार से निवेदन करता चाहता हूं कि इस सड़क के महत्व को समझकर इसको अविलम्ब चालू कराने का काम करें।

मैं सरकार से यह मांग करना चाहूंगा कि राम जानकी मार्ग के पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए इसे राष्ट्रीय धरोहर के रूप में पूरा करे।

माननीय अध्यक्ष :

श्री शरद त्रिपाठी व

श्री जगदम्बिका पाल को श्री कमलेश पासवान के साथ सम्बद्ध होने की अनुमति प्रदान की जाती है।